## संपादकीय

# प्रवासी मजदूरों की बढ़ती समस्याएं एवं रोजगार के हालात

कोरोना महामारी के विकराल रूप से सभी प्रकार के वर्ग एवं समुदाय प्रभावित हुआ है। रोजगार के हालात कुछ ऐसे हैं कि काम मिल पाना भी मुश्किल हो रहा है। बहुत से लोगों की नौकरियां छूट रही है। मजदूर काम के लिए भटक रहा है क्योंकि उनको काम नहीं मिल रहा है। इस प्रकार के हालात में एक तरफ रोजगार की समस्या और दूसरी इस तरफ महंगाई की मार, इस दौर में आम आदमी की जिंदगी भटके हुए मुसाफिर की तरह हो गई। आज इस महामारी से सर्वाधिक परेशानी दिहाड़ी मजदूरों को हो रही है, क्योंकि एक ओर इस विकराल प्रकोप से लड़ रहा है, दूसरी ओर भूखमरी, रोजमर्रा की जिंदगी और दैनिक समस्याओं से भी जूझ रहा है। दिहाड़ी मजदूर असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं जिनका प्रतिदिन खाना और प्रतिदिन कमाना होता है। इस श्रेणी में- दिहाड़ी मजदूर, रिक्शा चालक ,मोची ,नाई ,घरों में काम करने वाले ,दुकानों में काम करने वाले लोग , ठेला लगाने वाले लोग और पल्लेदारी करने वाले आदि इसी श्रेणी में आते हैं । यह प्रायः अपने गांव या जिले से स्थानांतरण करके दूसरे शहर या प्रदेश में रोजी-रोटी की तलाश में आते हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में ऐसे कामगार वर्गों की आबादी 27 फ़ीसदी यानी 45 करोड़ है। इनमें से कुछ 200 कुछ 400 एवं कुछ ?600 प्रतिदिन कमाते हैं। इस पैसे से यह अपना और अपने संपूर्ण परिवार का खर्च चलाते हैं और उनका भरण पोषण करते हैं । किसी परिवार में कमाने वाला केवल एक ही व्यक्ति होता है और वही संपूर्ण परिवार की आवश्यकता की पूर्ति करता है। इस प्रकार की दिहाड़ी मजदूरों की संख्या सबसे अधिक उत्तर प्रदेश एवं बिहार की है। जो महाराष्ट्र ,दिल्ली एवं गुजरात में रहकर अपना जीवन यापन करते हैं । महाराष्ट्र सरकार ने पहले ही लॉकडाउन की घोषणा कर दिया । जिसमें भारी संख्या में मजदूरों का पलायन गांव की ओर हुआ । पिछले वर्ष सरकार के अचानक लॉकडाउन कर देने की वजह से कुछ को पैदल , कुछ को बस में एवं कुछ को बीच में ही रुकना पड़ा। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि यह समस्या केवल असंगठित क्षेत्र की है। संगठित क्षेत्र के भी सभी प्रकार के उद्योग- धंधे एवं व्यापार-वाणिज्य बंद हैं। एक देश का दूसरे देश से आयात निर्यात पूर्णतया है बंद है। ऐसे में बड़े-बड़े उद्योग एवं कंपनियां भी बंद पड़ी हुई हैं। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर संगठन के अनुसार ,भारत में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों की संख्या अधिक है इसलिए इनकी समस्याएं भी अधिक हैं। वर्ल्ड बैंक के अनुसार, लॉकडाउन के चलते विश्व में गरीबी रेखा का स्तर बढ़ा है । जिसमें सबसे अधिक भारत का (27 ) है। बीते 6 माह में 1 करोड़ 20 लाख लोग प्रत्यक्ष रूप से गरीबी की चपेट में आए हैं। वही 3 करोड़ 50 लाख बी0पी0एल धारकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है । यह दिहाड़ी मजदूर दिन प्रतिदिन काम करके अपना जीवन यापन करते हैं।

*- विकास कुमार*

# अक्तूबर में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां 10.5 साल में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ीं : पीएमआई



**नईदिल्ली।** देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अक्तूबर में पिछले 10.5 साल में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ी हैं। एक मासिक सर्वे में बुधवार को कहा गया है कि अनुकूल मांग परिस्थितियों के बीच कारोबारी गतिविधियों में सुधार से सेवा क्षेत्र की गतिविधियां भी तेज हुई हैं। मौसमी चक्र के साथ समायोजित भारत का सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक अक्तूबर में बढ़कर 58.4 पर पहुंच गया। सितंबर में यह 55.2 पर था। सर्वे में शामिल कंपनियों के अनुसार, नए कारोबार में बढ़ोतरी से उत्पादन में पिछले एक दशक से भी ज्यादा में सबसे तेज वृद्धि हुई है। इसके चलते अधिक रोजगार के अवसरों का सृजन हुआ। हालांकि, मुद्रास्फीतिक चिंताओं के बीच कारोबारी भरोसा कमजोर बना हुआ है। लगातार तीसरे महीने सेवा क्षेत्र के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। 50 से ऊपर होने पर खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) विस्तार को दिखाता है, जबकि इससे नीचे रहने पर यह गिरावट को दर्शाता है। आईएचएस मार्किट में सहायक निदेशक-अर्थशास्त्र, पोलिएन्ना डि लीमा ने कहा, ''इस क्षेत्र में पुनरुद्धार का यह लगातार तीसरा महीना रहा। कंपनियों की गतिविधियां 10.5 साल में सबसे तेजी से बढ़ी हैं। इससे रोजगार के अधिक अवसर भी पैदा हुए हैं। लीमा ने कहा कि मूल्य के मोर्चे पर बात की जाए, तो उत्पादन की लागत में तेज बढ़ोतरी हुई है लेकिन कंपनियों ने अपना शुल्क भी पिछले करीब साढ़े साल में सबसे तेजी से बढ़ाया है। सर्वे में शामिल कंपनियों ने ईंधन की ऊंची कीमत, सामग्री, खुदरा, कर्मचारियों तथा परिवहन की ऊंची लागत का हवाला दिया है। उन्होंने कहा, 'सेवा क्षेत्र की कंपनियों का मानना है कि मुद्रास्फीतिक दबाव से आगामी वर्ष में वृद्धि प्रभावित हो सकती है। कारोबारी भरोसा कमजोर बना हुआ है। सर्वे के अनुसार, सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने अक्टूबर में अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति की है। हालांकि, यह वृद्धि बहुत तेज नहीं है लेकिन सितंबर की तुलना में बढ़ी है। इसके अलावा फरवरी, 2020 से सेवा क्षेत्र में नियुक्तियां सबसे तेज रही हैं।

# धनतेरस पर भी सुस्त रही ग्राहकी; सोना 235 और चांदी 1400 रुपये लुढ़की



**मुंबई।** कारोबारियों की उम्मीद के विपरीत आज धनतेरस के अवसर पर भी ग्राहकी सुस्त रहने से घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 235 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 1400 रुपये प्रति किलोग्राम लुढ़क गई।

वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में गिरावट का असर भी घरेलू सर्राफा बाजार पर रहा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 0.16 प्रतिशत टूटकर 1790.10 डॉलर प्रति औंस और अमेरिकी सोना वायदा 0.40 प्रतिशत लुढ़ककर 1787.90 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इसी तरह चांदी हाजिर भी 1.65 प्रतिशत की बड़ी गिरावट लेकर 23.62 डॉलर प्रति औंस बोली गई।

विश्लेषकों ने कहा कि उम्मीद की जा रही थी कि इस बार का धनतेरस सर्राफा बाजार में बहार लेकर आएगा लेकिन ग्राहकी सुस्त रहने से सोना और चांदी के दाम गिर गये हैं। हालांकि कीमती धातुओं में आने वाले दिनों में तेजी आने की उम्मीद बनी हुई है।

देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 235 रुपये सस्ता होकर 47670 रुपये प्रति दस ग्राम और सोना मिनी 90 रुपये फिसलकर 47600 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया। हालांकि चांदी में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। चांदी 1400 रुपये लुढ़ककर 63393 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी और चांदी मिनी 1300 रुपये गिरकर 63648 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

# कोल इंडिया डीजल डम्परों को एलएनजी में बदलेगी, ईंधन पर 500 करोड़ रुपए बचाएगी

**नई दिल्ली ।** कार्बन उत्सर्जन को और कम करने के लिए दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने कोयला ढ़ोने में लगे अपने बड़े ट्रकों (डंपरों) में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) किट लगाने का कार्यक्रम शुरू किया है।

कंपनी का अनुमान है कि इससे कार्बन उत्सर्जन का स्तर कम होने के साथ साथ उसके ईंधन खर्च में सालाना 500 करोड़ रुपये की बचत होगी। एक बयान के मुताबिक कंपनी ने गेल (इंडिया) लिमिटेड और बीईएमएल लिमिटेड के सहयोग से गेल और बीईएमएल के साथ एक समझौता ज्ञापन के अपनी सहायक महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) में संचालित अपने 100 टन के दो डंपरों में एलएनजी किट को फिर से लगाने के लिए एक पायलट परियोजना शुरू की है। इससे ये डंपर दोहरी ईंधन प्रणाली पर चलने लगें। एलएनजी के उपयोग के साथ उनका संचालन काफी सस्ता और स्वच्छ होगा। सीआईएल के पास ओपनकास्ट कोयला खदानों में संचालित 2500 से अधिक डंपर हैं और बेड़े में सीआईएल द्वारा उपयोग किए जाने वाले कुल डीजल की लगभग 65 से 75 प्रतिशत खपत होती है।

कंपनी का अनुमान है कि डीजल की जगह 30 से 40 प्रतिशत तक एलएनजी के उपयोग से ईंधन की लागत में लगभग 15 प्रतिशत की कमी आएगी और उसके सभी भारी अर्थ मूविंग मशीनों में एलएनजी किट लगाने से सालाना 500 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है।

# नीरज सहित 12 खिलाड़ियों को खेल रत्न, 35 खिलाड़ी बनेंगे अर्जुन

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास बनाने वाले भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा और रजत पदक जीतने वाले पहलवान रवि दहिया, ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोर्गोहेन, फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री, महिला क्रिकेटर मिताली राज, हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश समेत कुल 12 खिलाड़ियों को देश के सर्वोच्च खेल सम्मान खेल रत्न से सम्मानित किया जाएगा जबकि 35 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिए जाएंगे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आगामी 13 नवम्बर को राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में आयोजित विशेष समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समिति की सिफारिशों और पूरी छानबीन के बाद खेल मंत्रालय ने निम्नलिखित खिलाड़ियों, कोचों और अन्य हस्तियों को खेल पुरस्कार प्रदान करने का फैसला किया है।

# आकाश ने विश्व चैंपियनशिप में भारत को दिलाया पहला पदक

**नईदिल्ली ।** आकाश कुमार (54) ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए रियो ओलम्पिक के रजत विजेता वेनेजुएला के योएल फिनोल को मंगलवार को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराकर सर्बिया के बेलग्रेड में जारी 2021 एआईबीए विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करने के साथ ही देश के लिए इस प्रतियोगिता में कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित कर दिया। आकाश विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले सातवें भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए हैं।

इससे पहले विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता भारत के शिवा थापा ने यहां सोमवार को क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्हें मिला कर अब कुल पांच भारतीय मुक्केबाज क्वार्टर फाइनल में हैं। अनुभवी मुक्केबाज थापा ने सोमवार को 63.5 किलोग्राम भार वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के अपने प्रतिद्वंद्वी लूनस हमराउई को 4-1 के स्पिलट फैसले से हराया। पांच बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए आज शाम को क्वार्टर फाइनल में तुर्की के केरेम ओजमेन के साथ भिड़ेंगे। वह इवेंट में अपना दूसरा पदक हासिल करने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। थापा के अलावा क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अन्य चार भारतीय मुक्केबाजों में आकाश कुमार (54 किग्रा) सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर चुके हैं जबकि निशांत (71 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और नरेंद्र (+92 किग्रा) क्वार्टरफाइनल में आज रिंग में उतरेंगे। 71 किग्रा वर्ग में निशांत का सामना रूस के वादिम मुसाएव से होगा।

# इस दीपावली सजाएं पारंपरिक आकर्षक रंगोली



दीपावली के पर्व पर हर घर-आंगन में रंगोली सजाई जाती है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार किसी भी प्रकार के मंगल कार्य में रंगाली का बहुत महत्व है। दीपों के पर्व दिवाली की तो रंगोली के बिना इस त्योहार की कल्पना भी नहीं की जा सकती। समय के साथ-साथ रंगोली बनाने के तरीकों में बदलाव आया है, लेकिन इसे लेकर उत्साह बिल्कुल कम नहीं हुआ। यही कारण है कि पारंपरिक रंगोली का नयापन भी मन को मोहता है।

रंगों की ओली- रंगों की सहायता से, कई लयबद्ध बिंदुओं को मिलाते हुए रंगोली की कई सुंदर-सुंदर आकृतियां बनाई जाती हैं, जो बेहद आसान और आकर्षक होती है। यह तरीका आसान होने के कारण युवतियों के साथ ही छोटी बालिकाएं भी आसानी से रंगोली को आकार दे सकती हैं। इसके बाद इसमें अपने अनुसार रंग भरकर इसे और भी आकर्षक बनाया जाता है। तब तैयार होती है, खूबसूरत रंगोली। अगर आपको रंगोली बनाना कठिन लगता है, तो आपके लिए सबसे बेहतर तरीका यही है। इसके लिए बाजार में किताब उपलब्ध है।

मांडना- वर्तमान में रंगोली का प्रचलन सबसे अधिक है, लेकिन पुरानी परंपरानुसार आज भी आंतरिक इलाकों में मांडने बनाए जाते हैं। यह घर के आंगन या फर्श पर प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर आकर्षक ढंग से बनाए जाते हैं। आप अगर ही दिन रंगोली नहीं बनाना चाहते तो मांडना पारंपरिक और खूबसूरत तरीका है।मांडने की एक खासियत यह भी है, कि यह लंबे समय तक बने रहते हैं। इसे बनाने के लिए गीले रंगों का प्रयोग किया जाता है, जो सूखने के बाद लंबे समय तक उतने ही आकर्षक नजर आते हैं।

## आज का राशिफल

मेषः आप का दिन आर्थिक एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण से लाभदायी रहेगा। धन लाभ के साथ आप लंबी अवधि के लिए धन का आयोजन भी कर पाएँगे।

वृषभ : आप अपनी वाणी से किसी को मंत्रमुग्ध कर लाभ ले पाएंगे तथा मेलजोल के संबंध बना सकेंगे। आपकी वैचारिक समृद्धि में बढ़ोतरी होगी।

मिथुनः आज आपके मन में भांति-भांति के विचारों की तरंगे उठेंगी। आप उन विचारों में खोए रहेंगे। आज बौद्धिक कार्यों में जुडऩा पडेगा।

कर्क : आज आपका दिन शुभ रहेगा। नए कार्य प्रारंभ करने के लिए दिन शुभ है। मित्र एवं स्वजनों से भेंट होगी। प्रियजनों से सुख एवं आनंदप्राप्ति होगी।

सिंहः आज का आपका दिन मध्यम फलदायी कहा जा सकता है। व्यय अधिक होगा। दूर सदूर के लोगों से संदेश-व्यवहार से लाभ होगा।

कन्या : आपका दिन मध्यम फलदायी होगा। विचारों की समृद्धि बढ़ेगी। लाभकारी तथा मेलजोल भरे संबंध आप वाणी की सहायता से बना सकेंगे।

तुला : असंयमित या अविचारी वर्तन आपको परेशानी में डाल सकता है। अतः ऐसे व्यवहार से बचें। दुर्घटना से सावधान रहें। खर्च अधिक रहेगा।

वृश्चिक : आपका आज का दिन लाभदायी रहेगा। नौकरी-व्यवसाय में लाभ प्राप्त होगा। मित्रों के साथ भेंट हो सकती है तथा प्राकृतिक स्थल पर घूमने की योजना भी बन सकती है।

धनु : आज का आपका दिन शुभ है। आप में परोपकार की भावना रहने से अन्य लोगों को सहायता करने के लिए आप उत्सुक रहेंगे।

मकर : आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। बौद्धिक तथा लेखनकार्य से जुड़ी हुई प्रवृत्ति में आप सक्रिय रहेंगे।

कुंभः अत्यधिक विचार और क्रोध आपकी मानसिक स्वस्थता में खलल पहुंचाएंगे। स्वास्थ्य खराब होगा। परिवार में खटराग होने की संभावना रहेगी।

मीन : आज व्यापारियों के लिए खूब उज्ज्वल भविष्य देखते हैं। व्यवसाय में भागीदारी करने के लिए भी शुभ समय है।

# अक्षय कुमार की पृथ्वीराज में कवि चंद बरदाई की भूमिका में दिखेंगे सोनू सूद



अक्षय कुमार की कई फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं। इन्हीं में एक नाम पृथ्वीराज का है, जो भारत के महान ऐतिहासिक विरासत पर आधारित है। इस फिल्म में वह राजस्थान के शूरवीर योद्धा पृथ्वीराज की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में चर्चित अभिनेता सोनू सूद भी नजर आने वाले हैं। अब उनके किरदार को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। फिल्म में सोनू हिन्दी साहित्य के महान कवि चंद बरदाई की भूमिका में नजर आएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, पृथ्वीराज में सोनू कवि चंद बरदाई की भूमिका में दिखने वाले हैं। एक सूत्र ने कहा, फिल्म में सोनू का किरदार अक्षय के समानांतर होगा। सोनू कवि चंद बरदाई की भूमिका निभा रहे हैं, जिन्होंने पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर महाकाव्य पृथ्वीराज रासो लिखी थी। चंद बरदाई पृथ्वीराज के बहुत करीब थे। ऐसे में सोनू के किरदार को फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

सूत्र का कहना है कि पिछले एक साल में सोनू को मिली लोकप्रियता के कारण इस किरदार का दायरा और अधिक बढ़ गया है। इस फिल्म का निर्देशन चंद्रप्रकाश द्विवेदी कर रहे हैं। पृथ्वीराज यशराज फिल्म्स के बैनर तले बन रही है। इस फिल्म के जरिए पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। वह इसमें राजकुमारी संयोगिता की भूमिका निभा रही हैं। अभिनेता संजय दत्त भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

# बॉलीवुड में प्रतिभाशाली एक्टर्स की हो रही एंट्रीःरानी मुखर्जी



अभिनेत्री रानी मुखर्जी जल्द ही बंटी और बबली 2 में धमाल मचाती नजर आने वाली है। रानी ने डेब्यूटेंट शरवरी की प्रशंसा की है और कहा कि प्रतिभाशाली न्यूकमर को उद्योग में आते देखना आश्चर्यजनक है क्योंकि वे उद्योग को आगे बढ़ाने और आकार देने में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे।

रानी ने कहा कि शर्वरी बहुत प्रतिभाशाली है और वह स्क्रीन लुभावनी दिखती है। उसने वास्तव में मुझे अपने कौशल से आश्चर्यचकित किया है और मुझे लगता है कि उसका आगे बहुत उज्जवल भविष्य है।

शरवरी एक बहुत ही आत्मविश्वासी कलाकार हैं और उन्होंने फिल्म के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है।

प्रतिभाशाली नवागंतुकों को उद्योग में आते देखना आश्चर्यजनक है क्योंकि वे आने वाले वर्षों में उद्योग को आकार देने में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे।

रानी का कहना है कि बंटी और बबली 2 शरवरी के लिए एकदम सही लॉन्चपैड है।

यह उन्हें बड़े पर्दे पर हिंदी फिल्म की नायिका के रूप में प्रस्तुत करती है। स्क्रीन पर उनकी उपस्थिति शानदार है और वह स्क्रीन पर चमकती हैं।

## बनाएं क्रिस्पी वेज कुलचा



**सामग्री :**

4-5 कुलचे, 1 टेबलस्पून रिफाइंड, 3 लहसुन की कली, 1/2 टीस्पून चिली फ्लेक्स, 1/2 शिमला मिर्च बारीक कटी हुई, 1-1 बारीक कटी प्याज, 1 हरी मिर्च बारीक कटी हुई, 1/2 गाजर बारीक कटी हुई, 1/2 कप मटर, 1/2 कप पोहा, 1/2 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टीस्पून गरम मसाला, 1/2 टीस्पून काली मिर्च पाउडर, 1 टीस्पून कसूरी मेथी, 2 टेबलस्पून हरा धनिया, 3 उबले-मैश किए आलू, 3 टेबलस्पून मैदा, 1/2 कप ब्रेड क्रंब्स, 3 टीस्पून कॉर्न, फ्राई करने के लिए रिफाइंड ऑयल, आधा कप मेयोनीज, 1 टेबलस्पून देगी मिर्च, 2 टेबलस्पून केचअप, बारीक कटा हुआ खीरा, नमक स्वादानुसार

**सजाने के लिए-** 1 प्याज गोल कटा हुआ, 3 टेबलस्पून बटर, ताजा हरा धनिया

**विधि :**

सबसे पहले पोहे को पानी में भिगो दें। 3-4 मिनट बाद पानी निकालकर पोहा अलग कर लें। कड़ाही में ऑयल गर्म करें और उसमें लहसुन, हरी मिर्च, चिली फ्लेक्स और प्याज हल्की भूनें। इसमें शिमला मिर्च, गाजर, मटर और कॉर्न मिक्स कर सॉफ्ट होने तक पकाएं। फिर नमक, लाल मिर्च, धनिया पाउडर, गरम मसाला, काली मिर्च पाउडर, कसूरी मेथी मिक्स करें और पोहा मिला लें। इसके बाद हरा धनिया और आलू मिक्स करके प्लेट में निकालें। ठंडा होने पर मिश्रण की टिक्की बनाकर ब्रेडकंब्स में लपेटें। पैन में तेल गर्म करें और टिक्कियां शैलो फ्राई कर लें।अब एक बोल में मेयोनीज़, लाल मिर्च पाउडर, टमैटो केचअप, खीरा, प्याज मिलाकर मेयोनीज़ मिक्स लगाएं।कुलचों को मक्खन से सेंक कर मेयोनीज़ मिक्स लगाएं और बीचों-बीच टिक्की, गोल कटा प्याज और खीरा रखें।धनिया चटनी लगाकर कुलचा फोल्ड करें।


## शब्द सामर्थ्य- 250

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 249 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू- 250

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.249का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |